तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 दिसंबर 2025

11 इस्कॉन गुरूर द्वारा नगर-नगर में हरे कृष्ण महामंत्र का प्रसार

12 कलंगपुर में रक्तदान शिविर, प्रतिभा सम्मान...




## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक गंभीर, मामला दर्ज

**बालोद।** अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटर सायकल चालक गिर गया। जिससे उसे गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसके बाद युवक के चाचा ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बोरतरा निवासी राजू उईके ने पुलिस को बताया कि 30 नवंबर को शाम मे मैं अपने मोटर साइकिल से गुरूर साप्ताहिक बाजार से सब्जी लेकर घर जा रहा था, मेरा भजीता पुष्पेन्द्र उइके अपने मोटर साइकिल सीजी 24 यू 1511 से गुरूर साप्ताहिक बाजार सब्जी लेकर मेरे आगे आगे घर जा रहे थे। शाम 07:30 बजे ग्राम बोरतरा नेतराम उइके के घर के आगे रोड पर पहुंचा था कि धनेली से गुरूर की ओर आ रही अज्ञात वाहन चालक के द्वारा वाहन को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिससे पुष्पेन्द्र उइके मोटर साइकिल सहित रोड में गिर गया है। जिससे पुष्पेन्द्र उइके के सिर एवं मुंह में चोट आकर खून निकला है, घटना में मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गया है। पुष्पेन्द्र उइके को ईलाज हेतु प्राइवेट वाहन से अस्पताल धमतरी में भतएँ कराये है।

### दो बाइक की भिड़ंत में एक हुआ घायल

**बालोद।** अपने घर आ रहे मोटर साइकिल सवार व्यक्ति का दुसरी मोटर साइकिल ने ठोकर मार दी। जिससे मोटर साइकिल में पीछे बैठा व्यक्ति घायल हो गया। जिसके बाद मोटर साइकिल चालक ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम मटिया बंगला निवासी तोरण लाल सार्वा ने पुलिस को बताया कि 18 अक्टूबर को मैं अपने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 07 एलजेड 8022 से चाराचार का रहने वाला अमरनाथ के साथ राजहरा से अपने गांव आ रहा था। झलमला के आगे परसदा रोड में पारागांव जाने वाले मोड के पहले करीबन शाम 06.15 बजे मोटर साइकिल सीजी 24 एम 0968 के चालक द्वारा मेरे साईड आकर मेरे मोटर साइकिल को ठोकर मारा जिससे मेरे पीछे बैठे अमरनाथ गिर गया, जिससे अमरनाथ के दाहिने पैर में चोट आया है।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

**बालोद।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरण एवं नवीनीकरण भी किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम ने बताया कि दिव्यांग व्यक्तियों के सम्मान के प्रति समाज शेष पेज 10 पर

# विश्व एड्स दिवस पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

## नुक्कड़ नाटक और रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं में एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए

विश्व एड्स दिवस एक दिसंबर के अवसर पर शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में जिला स्तरीय एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला बालोद के निर्देशानुसार एवं शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय युथ रेडक्रास के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रंगोली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के रेडक्रॉस सोसाइटी के युवा छात्र–छात्रओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन रेड क्रॉस सोसाइटी रायपुर छत्तीसगढ़ तोमन साहू थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चेयरमेन भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी बालोद डॉ. प्रदीप जैन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी एड्स रोग विशेषज्ञ डॉ. जीआर रावटे उपस्थित रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जेके. खलखो द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापक महाविद्यालय बालोद डॉ. एचएल. मानकर, कोषाध्यक्ष शेष पेज 10 पर





घटना

मृत युवक के शरीर पर चोटों के निशान मिले

# संदिग्ध हालात में युवक का शव मिला पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुंदा

नगर अर्जुंदा के बस स्टैंड सब्जी मंडी के पास बिरयानी सेंटर में अर्जुंदा निवासी 27 वर्षीय दुर्गेश कुमार देवांगन पिता संतोष देवांगन साकिन का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार 30 नवंबर को लगभग 8:30 बजे के आसपास बस स्टैंड सब्जी मंडी के पास बिरयानी सेंटर में अर्जुंदा निवासी दुर्गेश कुमार देवांगन पिता संतोष देवांगन संदिग्ध स्थिति में देखा गया।

जिसको उसके कुछ मित्र उठाकर सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र अर्जुंदा लाए जहां पर डॉक्टर के टीम के उसे मृत घोषित किया। प्रत्यक्षदर्शीयों ने बताया कि उसके सर पैर व कुछ अन्य भाग में संदेह जनक चोट दिखाई दिया, जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना थाना अर्जुंदा को दिया गया। पुलिस भी तत्काल जांच में जुट गई और दुर्गेश के साथ जितने भी उनके मित्र थे सबसे पूछताछ करने लगी। बालोद साइबर सेल के कर्मचारी तथा फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज भी खगाले जा रहे हैं। आज सुबह थाना अर्जुंदा के द्वारा मार्ग कायम करते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुण्डरदेही रवाना किया गया। मित्रें के द्वारा जब दुर्गेश देवांगन को बिरयानी सेंटर के पास गिरे पड़े देखें तो उसके मित्रें के द्वारा उसके घर को सूचित करते हुए नशे की हालत में होने की शंका कर सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र अर्जुंदा ले जाया गया, जहां पर उसकी मृत्यु होने की पुष्टि किया गया। दुर्गेश कुमार देवांगन के पिता संतोष देवांगन से बात करने पर उन्होंने बताय कि मेरे पुत्र दुर्गेश कुमार देवांगन जो नशा पान भले ही करता था किंतु ऐसे भी स्थिति में वह नहीं रहता की गिर पड़े, किंतु आज उनको देखने से यह स्पष्ट हो रहा है कि उनके ऊपर किसी के द्वारा उनके नशे में होने का फायदा उठाते हुए प्राण घातक हमला किया है। यह स्पष्ट रूप से उनके शरीर में आए हुए चोट को देखकर कहा जा सकता है। मैं पुलिस प्रशासन से अनुरोध करता हूं कि इसका निष्पक्ष जांच करें।

### युवक को नशे की हालत में देखा गया था






### फौरन पुहंची मौके पर पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना अर्जुंदा के प्रभारी व कर्मचारी तत्काल घटना स्तर पर पहुंचे तथा मौके की नजाकत को देखते हुए तत्काल अपने उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दिए, जिसके बाद बालोद से साइबर सेल व फॉरेंसिक की टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा जांच प्रारंभ किये। थाना प्रभारी अर्जुंदा जोगेंदर साहू से इस घटना के संबंध में बात करने पर उन्होंने बताया कि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुआ है। हमारे द्वारा लगातार इस मामले का जांच किया जा रहा है।

# कृषकों को गन्ना बीज और खेत तैयारी में आर्थिक सहायता की पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ गन्ना डंठल बीज पर 90% अनुदान, खेत तैयारी पर 2 हजार रुपये प्रति एकड़ मदद

जिला प्रशासन बालोद द्वारा जिले में गन्ना क्षेत्र के विस्तार हेतु अभिनव पहल की जा रही है। दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बालोद के प्रबंध संचालक ने बताया कि दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बालोद की वार्षिक पेराई क्षमता 02 लाख मि.टन है। जिसका कार्यक्षेत्र संपूर्ण बालोद जिला है।

जिले में गन्ना रकबा में विस्तार व कृषकों को गन्ना खेती हेतु प्रेरित करने के लिये जिला प्रशासन के सहयोग से गन्ना बीज, खेत तैयारी अनुदान दिया जा रहा है। गन्ना डंठल बीज पर 90 प्रतिशत अनुदान एवं खेत तैयारी बीज रोपण पश्चात 02 हजार रूपये प्रति एकड़ अर्थात 05 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर अनुदान दिया जा रहा है। कारखाना के ग्रीन हाउस से प्रति पौध 01 रूपये कृषक अंश राशि पर प्रदान किए जाने का प्रावधान किया गया है। कारखाना कृषकों को खेत तैयारी के लिए ट्रेक्टर, आधुनिक कृषि यंत्र न्यूनतम किराये पर उपलब्ध करा रही है। कृषकगण अपने क्षेत्र के गन्ना क्षेत्र सहायक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क कर योजना का लाभ प्राप्त कर गन्ना की लाभकारी फसल का उत्पादन कर सकते हैं।



# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुगमता पारदर्शिता के साथ जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ खरीदी केन्द्र में तौल मशीन, बारदाना और हमाल व्यवस्था से किसान संतुष्ट

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुगमता और पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। जिले के ग्राम औंराभांठा स्थित धान उपार्जन केन्द्र बालोद में किसानों के लिए सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। धान उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए बेहतर टोकन व्यवस्था के साथ ही पेयजल, बैठक, शौचालय सहित धान विक्रय हेतु तौल मशीन, हमाल आदि की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

धान उपार्जन केन्द्र बालोद में की गई बेहतर व्यवस्था से किसान भी प्रसन्न है। धान विक्रय हेतु पहुँचे ग्राम झलमला के किसान महेन्द्र कुमार साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि शासन–प्रशासन की व्यवस्था बहुत अच्छी है, इसका परिणाम है कि उनका धान आसानी से विक्रय हो पाया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने फसल की कटाई, मिंटाई आदि कार्य पूरा करने के पश्चात मोबाईल में तुंहर टोकन एप्प के माध्यम से अपने धान के विक्रय हेतु टोकन लिया।

उन्होंने बताया कि पहले सोसायटी में टोकन के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी, लेकिन अब मोबाईल के माध्यम से ही घर बैठे ऑनलाईन टोकन प्राप्त करने की सुविधा मिली है, जो कि उनके लिए काफी सुविधाजनक साबित हुआ है। किसान सुरज कुमार पटेल ने बताया कि धान विक्रय के लिए टोकन लिए थे और आज वे धान खरीदी केन्द्र खुलते ही अपना धान लेकर आ गए हैं। जिसके पश्चात समय पर ही उनके धान की आद्र्ता माप कर, पर्याप्त मात्र में बारदाना उपलब्ध कराया गया। बारदाना में धान भरने, तौलाई, सिलाई तथा स्टेक में रखने हेतु खरीदी केन्द्र में पर्याप्त मात्र में कर्मचारी उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से समय पर ही उनका धान विक्रय हुआ है। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र में की इस व्यवस्था से ही उनके धान का विक्रय आसानी से समय पर सुनिश्चित शेष पेज 10 पर



हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण**- 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण**- 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

किसानों से धान की बजाय कम पानी वाली फसलें अपनाने का सलाह दी

# कलेक्टर ने किसानों से ग्रीष्मकालीन धान की जगह दलहन-तिलहन की फसल लेने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ जल संरक्षण व सतत कृषि के लिए ग्रीष्मकालीन धान पर नियंत्रण की सरकार की पहल

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद जिले के किसानों से ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन तिलहन की फसल लेने की विनम्र अपील की है। उन्होंने कहा है कि बालोद एक कृषि प्रधान जिला है।

जिले के 80 प्रतिशत से भी अधिक जनसंख्या कृषि कार्य पर निर्भर है। यद्यपि जिले में वर्षा सामान्य होती है। इसके बावजूद जिले का भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है। उन्होने बताया कि वर्तमान में जिले का गुरूर विकासखण्ड क्रिटिकल जोन में तथा गुण्डरदेही और बालोद विकासखण्ड सेमी क्रिटिकल जोन में शामिल है। धान की फसल में अन्य फसलों की तुलना में अत्यधिक पानी की आवश्यकता होती है, 01 किग्रा. धान उत्पादन के लिए औसतन 3000 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। ग्रीष्मकालीन धान के लिए कृषक मुख्य रूप से भूमिगत जल का उपयोग करते है। वृहद क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान की फसल लिये जाने से कई ग्रामों में जल संकट की स्थिति निर्मित हो जाती है तथा पीने के पानी के लिये जुझना पड़ता है। रबी में धान की फसल लेने से न केवल जल स्तर प्रभावित होता है, बल्कि बिजली की खपत भी अधिक होती है। पर्यावरण संतुलन बिगड़ता है व भूमि की उपजाऊ क्षमता में कमी आती है।

उन्होने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप ग्रीष्मकालीन धान के रकबे को कम कर, कम पानी वाली वैकल्पिक फसलों को कृषकों को अपनाना चाहिए। जिले में इस बार रबी क्षेत्र विस्तार हेतु तिवड़ा, चना, सरसों, कुसुम का बीज कृषकों को अनुदान में वितरित किया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन धान के बदले कृषकों का रूझान मक्का फसल में बढ़ रहा है, भविष्य में इस हेतु मक्का प्रोसेसिंग प्लांट लगाने की योजना है। इस स्थिति को देखते हुए सभी कृषकों से अपील की जाती है ग्रीष्मकालीन धान की बुवाई न करें। धान के स्थान पर मूंग, उड़द, चना, मक्का, सूरजमुखी, गन्ना, सब्जियों, जैसी शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### नवोदय मॉक टेस्ट में सैकड़ों बच्चों ने लिया भाग

**बालोद।** स्कूल सांकरा जगन्नाथपुर में लक्ष्य नवोदय छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित नवोदय मॉक टेस्ट में सैकड़ो बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया, जिसमें लक्ष्य नवोदय की मार्गदर्शन गुनाराम चंदेल व उनके सहयोगी जिंदल, त्रिभुवन वर्मा, लव्य ठाकुर ने नवोदय प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर हेतु बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें प्रेरित किया। चंदेल ने विशेष रूप से बच्चों को एकाग्रता एवं धैर्य के साथ कठिन परिश्रम करने को कहा उक्त परीक्षा के आयोजन के लिए स्कुल की प्राचार्य रंजना देशमुख द्वारा सर्व सुविधा युक्त भवन उपलब्ध कराकर बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संपूर्ण मॉक टेस्ट के सफल आयोजन में पूनम चंद्राकर, हंसराज देशमुख, पंकज शर्मा, मनोज सुनहरे, सुरेंद्र मंडलोई, लता राउत, दुर्गेश्वरी चंद्राकर, जानकी देशमुख, मधु साहू, कुंवारिया यादव, तामेश्वर साहू, चंद्रकांत साहू, मौसमी साहू, प्रकाश कश्यप ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025-26 के लिए पंजीयन अंतिम तिथि कल

**बालोद।** जिला प्रशासन बालोद एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025–26 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत इच्छुक प्रतिभागियों के पंजीयन की अंतिम तिथि 02 दिसंबर निर्धारित की गई है। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी, दल पंजीयन फार्म, फोटोग्राफ्स एवं आवश्यक दस्तावेज सहित कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बुनियादी शाला मैदान परिसर में उपस्थित होकर 02 दिसंबर को शाम 05 बजे तक पंजीयन करा सकते हैं। इसके साथ ही प्रतिभागी अपना पंजीयन माय भारत पोर्टल में भी करा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025–26 में शामिल प्रतिभागियों की आयुवर्ग 15 से 29 वर्ष एवं संगीतकार की आयु 18 से 40 वर्ष निर्धारित किया गया है। जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025–26 में लोक नृत्य विधा, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद–विवाद, कहानी लेखक, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी, पांरपरिक वेशभूषा, रॉकबैंड विधा शामिल है।

### ट्रेडिंग में निवेश करने नाम पर 48.67 लाख की ठगी

**भिलाई/ अहिवारा।** साइबर थाना दुर्ग रेंज ने ट्रेडिंग में निवेश करने नाम पर 48.67 लाख रुपए की ठगी करने वाले दो आरोपियों को आंध्रप्रदेश में गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग के सख्त निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में साइबर थाना की टीम ने आरोपियों को पकड़ने में सफलता पाई है। 9 अक्टूबर को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि इंस्टाग्राम पर फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए भेजे गए लिंक पर क्लिक करते ही 48,67,500 की ठगी की गई।

**आयोजन : लोमस ने गीता सार और कर्म की राह पर जीवन में अनुप्रयोग की दी व्याख्या**

# गीता जयंती समारोह का आयोजन, श्रीमद भगवत गीता का 12वां अध्याय पारायण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

बाजार चौक कला मंच जामगांव आर में सोमवार को गीता जन्मोत्सव समारोह गायत्री परिवार और संस्कृत भारती के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। श्रीमद भगवत गीता के 12 वे अध्याय का पारायण किया गया, गायत्री परिजन नारद साहू एवं संस्कृत भारती के प्रमुख नरेंद्र साहू के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में यतीश साहू ने संगीत संयोजन किय, लोमस साहू ने गीता सार लयबद्ध किया। सेजस पूर्व प्राचार्य चेतना ठाकुर, नगर पुरोहित मुकेश शुक्ला, शिक्षाविद मीरा चंद्राकर, टामेश्वरी साहू, चंद्रकला साहू, खिलेश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने भगवत गीता पर हृदयष्पशएँ वाणी का संचरण किए।

मानस मर्मज्ञ लोमस साहू ने कहा कि गीता तो भारतीय संस्कृति की आत्मा है। गीता घर घर और जन जन में व्याप्त है जरूरत है इस पर चिंतन कर रसपान करने की। गीता के उपदेश को जीवन में ढालने वाले बड़े आनंद के साथ जीवन जीया करते है। जीवन में दुख का एहसास तो तब होती है जब हम गीता सार से दूर होने लगते है। उन्होंने कहा कि लड़ाई करते हो तो महाभारत मर्यादा में चलते हो तो रामायण और कर्तव्य का सटीक पालन करते चलते हो तो स्वमेव भगवत गीता का प्राकट्य हो जाता है। गीता सार छलकपट से परे कर्म की राह दिखाती है समाजसेवी आसकरण जैन ने कहा कि भगवान को तो मानते है लेकिन भगवान का कहा नहीं मानते है तब दुख प्रगट होने लगता है। गीता का सार हमे सिखाता है कि कर्म छलकपट से परे करे वर्ना समस्या का अंबार आपको घेरते चली जाएगी और सुख की तलाश में पूरा जीवन भटकते रह जाते है। जीवन में कथनी और करनी में अंतर रखने वालों को वो सम्मान नहीं मिल पाता जिसकी उन्हें अपेक्षा होती है। मुकेश शुक्ला, मीरा चंद्राकर, चंद्रकला साहू, पूर्व प्राचार्य चेतना ठाकुर, नारद साहू ने भी गीता सार पर प्रासंगिक विचार रखे।





इस अवसर पर नंदनी साहू, तामेश्वरी साहू, उमा चंद्राकर, लक्ष्मी वर्मा, सुमन नागवंशी, योगेश्वरी साहू, टेमन बाई साहू, मालती साहू, थानेश्वरी साहू, लोचन चंद्राकर, पुष्पा नाग, सुनीता साहू, कामिन साहू, बसन्ती साहू, हेमिन यादव, गेमेश्वरी देवांगन, रामखिलावन साहू, यतीश साहू, डीडी मानिकपुरी, चिंतन राम धीवर, जिलोखन चंद्राकर सहित काफी तादात में बच्चे, माताएं, सीनियर सिटीजन प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की उपस्थिति रही। संचालन संस्कृत भारती प्रांत प्रमुख नरेंद्र साहू ने किया। आभार गायत्री परिजन नारद साहू ने किया।

## महिला प्रकोष्ठ ने निकाली गीता जयंती कलश यात्रा

**बालोद।** नगर के शिकारी पारा में आयोजित गीता जयंती कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका बालोद जन सेवक राकेश यादव ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के द्वारा अर्जुन को दिए गीता से भक्ति, शक्ति, ज्ञान और मोक्ष प्राप्त होती है। गीता जयंती पर महिला प्रकोष्ठ ने बालोद में पहली बार यादगार कलश यात्र निकाली, कहा कि महिलाओं के लिए शासन द्वारा अनेक रोजगार मुल्क योजना बनी है उसका लाभ समाज वाली को उठाना चाहिए।सभी को गीता जयंती की बधाई दिया।

नगर यादव कोसरिया समाज द्वारा पहली बार गीता जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 108 कलश से अधिक थे, कलश का कार्यक्रम स्थल से नगर भ्रमण कराया गया। जिसमें 2 यादव नृतक दल बजे गाजे और बहुत से लोग राधे कृष्ण की जयकारा और जय माधव जय यादव का नारा लगाया। बीच में 2 झांकी कृष्ण राधा और तेलचित्र भी लगाए थे। नगर भ्रमण पश्चात मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया ,आरपी यादव ने गीता के अध्याय और श्लोक की जानकारी देते हुए कहा गाय गायत्री और गीता यादव वंश का आभूषण है, ये तीनों ज्ञान और मोक्ष को देने वाला है, आगे कहा कि गाय आज गरु और कुत्ता हल्का हो गया है, गायत्री का ज्ञान नहीं है गीता पर ध्यान नहीं है, गीता के अध्याय 10 के श्लोक 35 की व्याख्या किया, गायत्री छंद सा महम को बताया, गीता के सार दो मुख्य सांख्य योग और कर्म योग है दोनों मोक्ष मार्ग है अर्जुन को कर्म योग की शिक्षा दिया कृष्ण ने कहा कि सब सेना पहले से मरे हुए तुम्हे सिर्फ धनुष चलाना है। गीता जयंती की बधाई देते हुए आगामी गीता जयंती के लिए 11000 दान की घोषणा किया। इसी प्रकार राकेश यादव ने भी घोषणा किया, मंच पर उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रहास यादव और सचिव रूपलाल ने भी कृष्णजी के गीता जयंती पर बधाई देते हुए कहा कि नगर में होने वाला यह उत्सव यादगार है, सभी को एकता में रहना होगा। शासन की यादव की जनसंख्या के अनुसार स्थान देना चाहिए। सभी यादव पार्षदों ने अपने अपने विचार रखे व गीता जयंती के बारे में बताया। महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव ने आगे भी सहयोग देने की बात कही। आसपास के गांव के महिला अध्यक्ष ने भी गीता के संबंध में बताया। पांडेपारा, शिकारीपारा, आमपारा के बच्चो ने नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे राज्य स्तरीय खिलाड़ी, बच्चों को तथा स्कूलों प्रतिभावान छात्रें को मोमेंटो भेट किया। नगर अध्यक्ष रविकांत यादव ने भी कृष्ण से संबंधित बाते बताई,। महिला प्रकोष्ठ व उपस्थित भाई बहनों को संगठन में रहने प्रेरित किया।






### अवैध शराब की तस्करी करते चार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** नंदिनी नगर थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले में अवैध शराब के परिवहन पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 28 पेटी देसी शराब बरामद की गई है जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 35 हजार 400 रुपये बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि धमधा मार्ग से नंदिनी खुंदिनी की तरफ पुरानी टाटा सफारी में शराब की तस्करी की जा रही है। टीम ने तुरंत रेड डाली और वाहन को रोककर तलाशी ली। कार में ग्राम डूमर नंदिनी नगर निवासी नरेश कुर्रे उम्र 38 वर्ष, गिरहोला नंदिनी नगर निवासी लवकेश उर्फ बबलू उम्र 30 वर्ष, ग्राम डूमर नंदिनी नगर निवासी आर्यन कुमार लहरे उम्र 24 वर्ष, वार्ड 4 अहिवारा निवासी प्रभू बारले उम्र 24 वर्ष मौजूद थे। पुलिस ने 28 पेटी शराब के साथ तीन लाख की टाटा सफारी, चार स्मार्टफोन कीमत 25000 रुपये और 15100 रुपये नगद कुल जुमला 4,74,500 रुपए का सामान जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई है।

# धान खरीदी केंद्र में भारी अनियमितताएं, किसानों से प्रति बोरा 1 किलो अतिरिक्त धान तौला जा रहा

## किसानों को टोकन, बारदाने और तकनीकी खामियों से बढ़ रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

डौंडी क्षेत्र में धान उपार्जन की शुरुआत के साथ ही अव्यवस्था की परतें खुलने लगी हैं। इसी क्रम में आज क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िया ने डौंडी ब्लॉक के गुजरा, बेलोदा, घोटिया, मंगलतराई और आमाडूला केंद्रों का औचक निरीक्षण किया, जहां धान खरीदी में बड़े पैमाने पर अनियमितताएँ सामने आईं।

- धान उपार्जन केंद्रों में अव्यवस्था, किसानों से प्रति बोरा 1 किलो अतिरिक्त धान तौलने पर भड़कीं अनिला भेड़िया



निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि किसानों से प्रति बोरे में 1 किलो अधिक धान तौला जा रहा है। जब कारण पूछा गया, तो समिति प्रबंधक और अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालते पाए गए। तौलकों ने साफ कहा कि वे ऊपर से मिले आदेश के अनुसार काम कर रहे हैं। अनिला भेड़िया ने इस मनमानी पर कड़ी नाराजगी जताई और इसे किसानों की सीधी लूट बताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

**टोकन और बारदाने की भारी किल्लत:** निरीक्षण में यह भी सामने आया कि किसानों को ऑनलाइन और ऑफलाइन टोकन नहीं मिल पा रहे, जिससे वे घंटों चक्कर काटने को मजबूर हैं। बारदाने की कमी से स्थिति और खराब हो रही है।

### मौके पर सामने आईं अन्य प्रमुख समस्याएं

डूबान क्षेत्र की अनदेखी: इन क्षेत्रों के किसान अपना धान नहीं बेच पा रहे हैं। केंद्रों में उनके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। रकबा समर्पण में त्रुटियाँ: कई किसानों की खेती तीन स्थानों पर है, पर तकनीकी खामी के कारण वे केवल दो स्थानों का धान ही बेच पा रहे हैं। तीसरे स्थान का रकबा या तो शून्य दिख रहा है या पोर्टल उसे स्वीकार ही नहीं कर रहा।

### शासन और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

अनिला भेड़िया ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में इस तरह की मनमानी किसी भी हाल में स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने शासन और जिला प्रशासन से तत्काल व्यवस्था सुधारने और किसानों को राहत देने के लिए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। इस पूरे निरीक्षण की जानकारी विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा ने साझा किया।

## पेज 9 के शेष

### विश्व एड्स दिवस ...

रूपनारायण देशमुख, वाइस चेयरमैन रेडक्रास जिला बालोद कमला वर्मा, प्राचार्य सेजेस सिकोसा मधुमाला कौशल, रेड क्रॉस सदस्य जिला बालोद लिली पुष्पा एक्का एवं रीमा सोरी एवं जिला संगठक चन्द्रशेखर पवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ। तोमन साहू ने कहा कि एड्स आज भी विश्व की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है, परंतु जागरूकता, उचित जानकारी और सकारात्मक – ष्टिकोण के माध्यम से इसे रोका जा सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समाज में फैली अफवाहों, भेदभाव और भ्रम को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ। उन्होंने कहा एचआईवी से पीड़ित व्यक्ति हमारा शत्रु नहीं, बल्कि हमारी संवेदनशीलता और सहयोग का पात्र है। समाज में दया, प्रेम और जागरूकता का प्रसार ही एड्स के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है।

डॉ. जेके. खलखो ने कहा कि शिक्षित समाज ही संवेदनशील समाज बन सकता है, और इस प्रकार के प्रतियोगिता व कार्यक्रम युवाओं में जागरूकता लाने का सर्वोत्तम माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि नशे से दूरी, सुरक्षित जीवनशैली और स्वस्थ आदतें एड्स रोकने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। डॉ. प्रदीप जैन ने अपने व्याख्यान मे चिकित्सकीय तथ्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह कोई मृत्यु दंड नहीं, बल्कि उचित इलाज और समय पर जांच से रोगी एक लंबा और सामान्य जीवन जी सकता है। उन्होंने विस्तार से बताया एचआईवी सामान्य संपर्क जैसे हाथ मिलाने, साथ खाने, छूने, खांसने या स्कूल कॉलेज में साथ बैठने से कभी नहीं फैलता। एचआईवी मुख्यतः असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई, संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने या गर्भावस्था में माँ से बच्चे में फैल सकता है। एड्स से बचाव हेतु सुरक्षित व्यवहार, नियमित परीक्षण, नशे से दूरी और सही जानकारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से कहा डरिए नहीं, जांच कराइए। छिपाइए नहीं, इलाज कराइए। अफवाह नहीं, वैज्ञानिक सत्य पर भरोसा कीजिए। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। नुक्कड़ नाटक में प्रतिभागियों ने एड्स के कारण, लक्षण, बचाव और सामाजिक संवेदना पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दी। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता मे प्रथम शासकीय नवीन महाविद्यालय घोटिया, द्वितीय शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही, तृतीय शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद रहे। इसी प्रकार रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पंकज कुमार शासकीय नवीन महाविद्यालय जेवरतला, द्वितीय गरिमा शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुंडरदेही, तृतीय स्थान नेहा भारत नर्सिंग कॉलेज दानीटोला रहे। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के वालंटियर लक्ष कुमार साहू द्वारा किया गया, आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर जसराम नायक ने किया।

### समर्थन मूल्य पर ...

हुआ है, जिससे वे बहुत ही संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में पहुँचने वाले किसानों के लिए बैठक, पेयजल, शौचालय आदि की भी व्यवस्था है, जो उन्हें धान खरीदी के कार्य में काफी सुविधाजनक लगा। ग्राम हिरापुर के किसान डिलेश्वर कुमार साहू ने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र औंराभांठा की व्यवस्था बहुत ही अच्छी है, यहाँ आने वाले सभी किसानों को टोकन लेने के साथ ही धान विक्रय में काफी सुविधा मिली है।

### कलेक्टर ने किसानों ...

फसलें अपनाएं, ये कम पानी में भी सफलतापूर्वक ली जा सकती हैं और आर्थिक दृष्टि से लाभकारी हैं। जल संरक्षण हेतु माइक्रो–इरीगेशन ड्रिप व प्रिंकलर, मल्चिंग और फसल चक्र अपनाने पर विशेष ध्यान दें। उन्होने कहा कि ग्रामीण जल स्त्रेतों कुएं, तालाब, नाला बंधान, नाला विस्तार के संरक्षण में सामूहिक भागीदारी निभाएँ। हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि भू–जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी जल एवं कृषि की स्थिरता बनाए रख सकें। आपका सहयोग जिले के सतत विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### अंतर्राष्ट्रीय ...

में सकारात्मक वातावरण एवं दृष्टिकोण विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष 03 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग परिसर झलमला में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही दिव्यांगजन अपना नवीन दिव्यांग प्रमाण पत्र अथवा प्रमाण पत्र का नवीनीकरण करा सकते हैं।

**निगम अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन ना हुई जब्ती, ना रुका काम**

# रोक के बावजूद चल रहा था डी-मार्ट की बिल्डिंग का निर्माण हिन्दू युवा मंच ने किया प्रदर्शन, जवाब से बचते दिखे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

लाल बहादूर शास्त्री अस्पताल के आगे वार्ड 18 कांट्रेक्टर कॉलोनी में निर्माणाधीन डी मार्ट की बिल्डिंग का निर्माण अव विवादों में पड़ गया है। इसमें निगम के अधिकारियों की भी भूमिका संदिग्ध दिख रही है। एक तरह जहां निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने निर्माण को रोकने के लिए नोटिस जारी कि है, वहीं भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से धड़ल्ले से निर्माण कार्य चल रहा है। इसकी सूचना मिलते ही हिन्दू युवा मंच के पदाधिकारी व कर्मचारियों ने मौके पर जाकर इसका विरोध किया। निगम के अधिकारी के काम रोकने के लिए भी आए, लेकिन निर्माण कार्य उसी तरह चलता रहा।



आपको बता दें कि खसरा क्रमांक 639 के एक भाग में एक प्लॉट दुर्ग निवासी खेमामल मध्यानी का है। उन्होंने इस जमीन पर ग्राउंड प्लस तीन फ्लोर की व्यवसायिक बिल्डिंग बनाने की अनुज्ञा निगम से ली थी। इसके बाद उन्होंने बिल्डिंग बनाने की जगह जमीन को डी-मार्ट कंपनी को सेल कर दिया। डी-मार्ट कंपनी ने भवन निर्माण कराने की जिम्मेदारी उन्हीं को दी। निगम से जारी अनुज्ञा के मुताबिक प्लाट का क्षेत्रफल 32 हजार वर्ग फिट का है। इसमें लगभग 42 प्रतिशत हिस्से में ही निर्माण करने का परिमशन जारी है। यानि कि 15 हजार वर्ग फिट से भी कम जमीन पर बेसमेंट और तीन माले की बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है। कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला भिलाई में अनुज्ञा के खिलाफ अवैध निर्माण किया जा रहा है। जब यह खबर हरिभूमि में प्रमुखता से छपी तो निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने इस पर संज्ञान लिया और निर्माण को तत्काल रोकने के लिए नोटिस जारी किया। उन्होंने खेमामल मध्यानी से 3 दिन के भीतर अवैध निर्माण को लेकर जवाब मांगा है। मध्यानी ने जवाब देने और निर्माण को रोकने की जगह निर्माण को और तेजी से शुरू करा दिया। दिन ही नहीं रात के समय भी निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया।

### जमकर किया गया विरोध प्रदर्शन

जब इसी जानकारी रविवार को हिन्दू युवा मंच को हुई। उनके पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में निर्माणाधीन बिल्डिंग परिसर में पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद साइट इंजीनियर मिश्रा से नोटिस का हवाला देते हुए काम रोकने बात कही। साइट इंजीनियर ने हिन्दू युवा मंच के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को बताया कि उन्हें काम बंद करने का कोई आदेश नहीं मिला है। इस पर हिन्दू युवा मंच के पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ तीखी बहस शुरू हो गई। वे काम बंद कराने की बात पर अड़े रहे।

### निर्माण रोकने की जगह शो-रूम में घुसे अधिकारी

हंगामे की जानकारी मिलने पर नगर निगम भिलाई के भवन अनुज्ञा विभाग के सब इंजीनियर दौलत चन्द्राकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने ये तो कहा कि आयुक्त ने काम रोकने का आदेश दिया है, लेकिन काम बंद करवाने के बजाए वे पास में स्थित एक कार शो रूम में घुस गए। करीब आधे घंटे बाद वहां से बाहर निकले और निर्माणाधीन बिल्डिंग की साइट पर पहुंच कर काम बंद करने के निर्देश दिया। हद तो तब हो गई चंद्राकर के निर्देश के बाद भी काम बंद नहीं हुआ और वो बिना कोई कार्रवाई किए वहां से चले गए। हिन्दू युवा मंच के पदाधिकारियों ने दौलत चन्द्राकर से पूछा कि निर्माण कार्य में रोक के बाद भी किसके अनुमति से कार्य चल रहा था तो इसका जवाब वे नहीं दे पाए।

## खबर संक्षेप

### चेन्दरीबन नवागांव मंडई 3 को

**जेवरतला रोड।** ग्राम चेन्दरीबन नवागांव में मंडई मेला का आयोजन 3 दिसंबर को रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु महके मोंगरा छत्तीसगढ़ी नाच ग्राम खुंदनी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी पुरेन्द्र कुमार सोनबोईर ने दी।

### संकुल स्तरीय खेल आज से

**डोंगरगांव।** ग्राम बीरूटोला में संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन कल 2 से 3 दिसंबर तक किया गया है। स्पर्धा में साल्हे संकुल अंतर्गत आने वाले स्कूलों के बच्चे खो खो, कबड्डी, दौड़, रेले रेस, कुर्सी दौड़, आलू दौड़, चमच्च दौड़ आदि खेलों में शामिल होंगे।

### वृद्धाश्रम में गर्म कपड़ों का वितरण

**राजनांदगांव।** विभिन्न मौके पर सेवाभावी कार्य करने वाले हैहैवंशीय कसेर समाज महिला मंडल ने शीत ऋतु में बुजुर्गों को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए गत दिनों भगवान महावीर समता वृद्धा आश्रम पहुंचकर गर्म कपड़े, कंबल, शाल, मोजे तथा खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस दौरान महिला मंडल की अध्यक्ष सुनीता हरिहारनो, उपाध्यक्ष सपना भारद्वाज, सुनंदा खांबले, कोषाध्यक्ष ममता हरिहारनो, सचिव पिंकी हरिहारनो, शशि हरिहारनो, राजकुमारी हरिहारनो, बरखा कसार, अंजू हरिहारनो, विनीता हरिहारनो, संगीता हरिहारनो, अनिता हरिहारनो, पूजा हरिहारनो, आरती हरिहारनो, विजेता हरिहारनो, मुक्ता हरिहारनो, रजनी हरिहारनो, पूजा हरिहारनो, शैल कसार, दीप्तिशिखा देशमुख आदि मौजूद थी। सभी ने वृद्धजनों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

### कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**साल्हेवारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 128 वॉ एपिसोड बूथ क्रमांक 5 में जिला एवं मंडल पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने सुना। इस दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष निज़ाम सिंह मंडावी, मंडल अध्यक्ष शत्रुहन साहू, महामंत्री महेंद्र यादव, जिला सह कोषाध्यक्ष ललित सोनी, देवसिंग ठाकुर, प्रहलाद मरकाम, युवा मोर्चा अध्यक्ष चमन वर्मा, संतोष नामदेव, सतीश वर्मा अन्य मौजूद थे।

### थैलीटोला की मंडई आज

**बांधाबाजार।** ग्राम थैलीटोला में मंडई- मेला का आयोजन कल 2 दिसम्बर को किया गया है। रात में लोक सांस्कृतिक नाच भकुर्रा का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजकों ने आसपास के ग्रामीणों और व्यापारियों से शामिल होने का आव्हान किया है। यह जानकारी उपसरपंच धरम पटवा ने दी।

### संबलपुर में मितानिनों का सम्मान

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत संबलपुर में मितानिन दिवस के मौके पर सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मितानिन हारदा चंदेल, सुनीता बाई, टिकेशवर, अमृत कोडारी, गीता निषाद, कुमारी निषाद को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## निधन

### केजिया बाई



**गुरूर।** वार्ड नंबर 14 नगर पंचायत गुरुर निवासी केजिया बाई का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गुरुर में किया गया। वे पार्षद मधु जगदल्ले की सासू माँ थी।

### गायत्री बाई यादव



**बालोद।** ग्राम कोहंगाटोला निवासी गायत्री बाई यादव 68 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार कोहंगाटोला गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. रतिराम यादव की पत्नी व चोवाराम यादव, पुनीत यादव, विसेलाल यादव की माता थी एवं जयप्रकाश यादव, श्याम लाल यादव की बुआ थी तथा विसम्भर यादव की बहन थी।

---

**आयोजन**

### हायर सेकेण्ड्री उन्नयन का प्रस्ताव शिक्षा मंत्री के पास रखूंगी : संगीता

# बंशीलाल भारद्वाज हाईस्कूल में गौरव तिहार एवं वार्षिकोत्सव, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





■ विधायक संगीता सिन्हा ने किया टीना शेड का लोकार्पण

बंशी लाल भारद्वाज को हायर सेकेण्ड्री में उन्नयन का प्रस्ताव शिक्षा मंत्री के पास रखूंगी। उक्त बातें बंशीलाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह के प्रांगण में आयोजित बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार एवं विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा ने कही।

आदिवासी बच्चों के जीवन को निखारने के लिए अपना जीवन व वेतन समर्तित कर आदिवासी बच्चों के लिए आजीवन कुंवारा रहने वाले शिक्षक बंशीलाल भारद्वाज की पुण्यतिथि पर हर साल बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार मनाया जाता है। स्कूल परिसर में आदिवासी बालक प्री मैट्रिक छात्र एवं आदिवासी बालिका प्री मैट्रिक छात्रवास संचालित है, जहाँ बालोद जिले के साथ दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, धमतरी, कांकेर जिलों से बड़ी संख्या में छात्र–छात्रएं छात्रवास में प्रवेशित हैं। इन बालक व बालिकाओं की हाईस्कूल के बाद आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए यहां पर हायर सेकेण्ड्री की कक्षाएं प्रारंभ करने के लिए क्षेत्रवासी विगत 6 वर्षों से प्रयास कर रहें हैं। जिले के प्रतिष्ठित समाजसेवी बंशीलाल भारद्वाज गुरुजी के नाम पर मानस विभूति अलंकरण जगदीश देशमुख को प्रदान किया जाएगा। गरिमा व स्वर्णा दिवाकर की शानदार प्रस्तुति से दर्शक झूम उठे। प्रेमलता जगदीश भारद्वाज फाउण्डेशन ग्राम अर्जुनी व सुमित्रदेवी चौहान फाउण्डेशन रामनगर भिलाई के सहयोग से बंशीलाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह के प्रांगण में आयोजित बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार व विद्यालय के वार्षिकोत्सव में मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा ने शाला प्रांगण में नवनिर्मित टीना शेड का लोकार्पण किया। इस अवसर पर फेमस सिंगर गरिमा दिवाकर व स्वर्णा दिवाकर भी उपस्थित थी। संगीता सिन्हा ने इस स्कूल में शीघ्र ही हायर सेकेण्ड्री की कक्षाएं प्रारंभ करने के लिए शासन स्तर पर हर संभव प्रयास करने की बात कही।

अतिथियों की आगवानी श्रीतुलसी मानस प्रतिष्ठान छ.ग. के प्रांताध्यक्ष जगदीश देशमुख, गौरव तिहार के प्रदेश संयोजक डॉ. साधुराम भारद्वाज, अध्यक्ष ईश्वरलाल साहू, जनपद सदस्य महेश्वरी ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत तरौद धर्मेन्द्र रामटेके, सरपंच ग्राम पंचायत खेरथाडीह विनोद कुमार कोसमा, रोमलाल यादव, रोहित कुमार भारद्वाज, शंभूराम साहू ने किया।



अतिथिगण जिले के प्रतिष्ठित समाजसेवी बंशीलाल भारद्वाज गुरुजी द्वारा निर्मित परमानंदधाम परिसर में पहुँच कर उनकी समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। स्कूल प्रांगण मे स्थापित बंशीलाल गुरूजी की एवं दानवीर समाजसेवी जोगीराम कुरैटी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्यस्मरण किया।

समारोह की अध्यक्षता छ.ग. नाई विकास संस्था के प्रांताध्यक्ष विजय कुमार सेन रायपुर ने किया। विशिष्ट अतिथि लोककला मंच अंजोर के संचालक संतोष दिवाकर रायपुर, जिला काँग्रेस कमेटी बालोद अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, कमलेश श्रीवास्तव, कशीमुद्दीन कुरैशी, मंच पर विराजमान थे। गौरव तिहार एवं विद्यालय के वार्षिकोत्सव शुभारंभ करते हुए श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छ.ग. के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने गौरव तिहार के 13 साल को बेनिशाल बताते हुए जिले के प्रतिष्ठित समाजसेवी बंशीलाल भारद्वाज गुरूजी के नाम पर मानसं विभूति अलंकरण प्रदान करने की अधिकृत घोषणा की। यह अलंकरण 2 जनवरी 2026 को श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छ.ग. के प्रदेश स्तरीय आयोजन में प्रदान किया जायेगा। इस ऐतिहासिक समारोह में फाउण्डेशन द्वारा छ.ग. की पारंपरिक गहना रूपिया माला पहना कर विधायक संगीता सिन्हा व सी.जी. स्टार गरिमा एवं स्वर्णा दिवाकर का अभिनंदन एवं स्वागत किया।

जनपद सदस्य महेश्वरी ठाकुर, पूर्व सरपंच राजेश्वरी कोमरे, मीना डोगरे, मोहिनी देवी देवांगन, माया भारद्वाज, के. ठाकुर ने गजमाला पहनाकर विधायक का अभिनंदन किया। फाउण्डेशन द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला दैहान के लिए एक स्मार्ट टी.वी. नया सेट (43 इंच) भेंट किया। समारोह में जयश्री चौहान, मधुलिका चौहान, चौतन्या चौहान, निधी साहू सहित विद्यालय के 14 प्रतिभावान छात्र, छात्रओं को सम्मानित किया।

विद्यालय के छात्रओं ने गरिमा दिवाकर व स्वर्णा दिवाकर के ही गीतों पर प्रस्तुति दे कर दर्शकों का मनमोह लिया। इस प्रस्तुति से दिवाकर बहनें भी अपने आप को नहीं रोक पाई और मंच पर अपने गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। छ.ग. के हास्य कॉमेडी किंग घेवर यादव व भोलाराम साहू ने दर्शकों को हंसाकर लोटपोट कर दिया। विधायक संगीता सिन्हा ने जिले की ओर से गरिमा व स्वर्णा दिवाकर को बंशीलाल भारद्वाज गौरव अलंकरण 2025 प्रदान किया। वार्षिकोत्सव का संचालन प्राचार्य राजेश कुमार पिसदा व संकुल प्रभारी जीवन लाल कोटेन्द्र ने किया। गौरव तिहार का संचालन डॉ. साघुराम भारद्वाज ने किया व धन्यवाद ज्ञापन ईश्वर लाल साहू ने किया।

---

## 24 कुण्डीय राष्ट्र-शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



■ पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, रमशीला साहू और डॉ. दयाराम साहू ने मंच को गरिमामयी बनाया

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अंजोरा में 24 कुण्डीय राष्ट्र–शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धापूर्ण और ऊर्जायुक्त वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व केबिनेट मंत्री रमशीला साहू और पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू ने मंच को गरिमामयी रूप दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सरपंच और ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों की बड़ी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता के.के. विनोद, लोकनाथ साहू और हरीश गांधी सहित अनेक साधक–कार्यकर्तागण पूरी निष्ठा के साथ उपस्थित रहे। डॉ. सी.एल. साहू ने महायज्ञ की आवश्यकता और इसके समाज में ऊर्जा व सकारात्मक परिवर्तन लाने की महत्ता बताई। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने गायत्री परिवार की कार्यशैली और सहयोग की भावना पर प्रकाश डाला। डॉ. दयाराम साहू ने गुरु-निष्ठा और साधना की महत्ता समझाई। कार्यक्रम में के.के. विनोद के उत्साहभरे विचारों ने कार्यकर्ताओं में सेवा, सौहार्द और यज्ञ के प्रति दृढ़ संकल्प जागृत किया। ग्राम की सरपंच ने तन–मन–धन से सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया। इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र में नई चेतना, समर्पण और सामाजिक जागरूकता का संचार किया।

---

# 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर, विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शांतिकुंज हरिद्वार से 108 कुंडी गायत्री महा यज्ञ की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद अब अनेक विभाग बनाकर कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई है, जिसकी तैयारी जोरों पर है।

जिला यज्ञ संचालन समिति ने संरक्षक मंडल बनाया है, जिनमें प्रमुख रूप से सांसद लोकसभा कांकेर भोज राज नाग, विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, विधायक डॉ डांडी लोहारा अनिला भेड़िया, विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, प्रदेश महामंत्री भाजपा यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, अध्यक्ष जिला कांग्रेश कमेटी चंद्रेश हिरवानी, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, अध्यक्ष नगरपालिका बालोद प्रतिभा चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत तोमन लाल साहू, पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका बालोद राकेश यादव, सदस्य जिला पंचायत पूजा वैभव साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत सरस्वती टेमरिया, समाज सेवी डॉक्टर प्रदीप जैन व सभी विभागीय समितियां प्रभारी का कार्य प्रगति पर है। गांवों में प्रचार और अन्न दान संकलन पूर्णता पर है, सभी गांवों में दीप यज्ञ प्रारंभ है। शहर में पाररास रेलवे, वार्ड नंबर 1, 2, 3 और वार्ड नंबर 4 पांडे पारा में दीप यज्ञ के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है और यज्ञ में यजमान और पूर्ण भागीदारी हेतु प्रेरित किया जा रहा है। आचार्य टीम राजेंद्र सिन्हा, लोचन गुरुजी, शंकर साहू ने दीप यज्ञ कराया। नगर समन्वयक आरपी यादव तथा सुखित साहू, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव और मोहल्ले की महिलाए बच्चे उपस्थित रहे।

---

## बालोद में कुपोषित बच्ची को गोद लेकर सुपोषित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ जनपद सदस्य मंजू ने गोद लिया गंभीर कुपोषित बच्ची तेविशा सुपोषित कर सामान्य श्रेणी में पहुंचाया

बालोद जिले में महिला एवं बालविकास विभाग के तहत कुपोषण रोकने की पहल के तहत गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें गोद लेकर सुपोषित करने का कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य मंजू बैंस ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए कुसुमकसा निवासी गंभीर कुपोषित बच्ची तेविशा को गोद लिया। तेविशा बच्ची वेस्टिंग श्रेणी में थी और उसके माता-पिता अपनी लाडली की सेहत को लेकर चिंतित थे। जनपद सदस्य मंजू बैंस ने इस बच्ची की दूसरी अभिभावक बनकर महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से उसका नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और डाइट चार्ट तैयार कराया। इसमें विटामिन, प्रोटीन युक्त आहार और आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था की गई। आज तेविशा का वजन 8 किलो और लंबाई 65 सेंटीमीटर हो गई है, और वह सामान्य श्रेणी में आ गई है।

बच्ची के माता-पिता यशोदा और राघवेंद्र ने जनपद सदस्य मंजू बैंस और विभाग का धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी चिंता अब दूर हो गई है। इस पहल ने कुपोषण के खिलाफ एक सकारात्मक संदेश दिया और बच्चों के स्वास्थ्य सुधार में जनप्रतिनिधियों और विभाग की भूमिका को उजागर किया।

---

**मेधावी बच्चों को किया सम्मानित**

# गीता जयंती पर विधायक ने गीता उपदेशों से दिया सामाजिक समरसता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



गीता जयंती एवं सामाजिक मिलन समारोह के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया ने दो विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर लोगों को प्रेरित किया और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

कोसरिया यादव समाज के कार्यक्रम में सहभागिता, कोसरिया यादव समाज द्वारा आयोजित गीता जयंती एवं सामाजिक मिलन समारोह में शामिल होकर अनिला भेड़िया ने अपने संबोधन में गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने भगवान कृष्ण द्वारा बताए गए कर्म, धर्म और कर्तव्य के सिद्धांतों को उद्धृत करते हुए समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने समाज के मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरित किए और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रवि जायसवाल और जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव युवराज साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मंच पर कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष कृष्णा यादव, प्रदीप यादव, संतोष यादव सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन योगेश यादव ने किया। खल्लारी में भी दी उपस्थिति, कोसरिया समाज के कार्यक्रम से पहले अनिला भेड़िया खल्लारी में आयोजित गीता जयंती समारोह में भी शामिल हुईं, जहां उन्होंने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया। उक्त जानकारी रतिराम कोसमा, विधायक प्रतिनिधि ने दिया।

---

### चैतन्य महाप्रभु की भविष्यवाणी साकार करने निकली इस्कॉन गुरूर की संकीर्तन यात्रा

# इस्कॉन गुरूर द्वारा नगर-नगर में हरे कृष्ण महामंत्र का प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर




इस्कॉन अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ के प्रचार केंद्र गुरूर द्वारा नगर ग्राम में पवित्र नाम का प्रसार किया जा रहा है। इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरूर इस्कॉन रायपुर के अंतर्गत कार्यरत श्रीकृष्ण के पवित्र नाम, भगवद्गीता के ज्ञान और भक्तियोग की दिव्य परंपरा को गुरूर क्षेत्र में पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सिद्धार्थ स्वामी महाराज के शिष्य केशव सखा दास के नेतृत्व में यह केंद्र ग्रामीण समाज के आध्यात्मिक उत्थान हेतु सेवाएँ प्रदान कर रहा है। केशव सखा दास ने बताया कि नगर संकीर्तन महामंत्र को सभी तक पहुँचाने का अभियान प्रत्येक रविवार को विभिन्न गांवों में क्रमशः नगर संकीर्तन आयोजित किया जाता है, जिसमें कलियुग में सबसे श्रेष्ठ और प्रभावी साधन हरे कृष्ण महा–मंत्र का विस्तार किया जाता है। यह संकीर्तन चैतन्य महाप्रभु की उस दिव्य भविष्यवाणी को साकार करने का प्रयास है, जो चैतन्य चरितामृत में वर्णित इस पृथ्वी पर जहां–जहां नगर और गांव हैं, वहां–वहां मेरे पवित्र नाम का प्रचार होगा।

इसी भावना से प्रेरित होकर संकीर्तन यात्र की शुरुआत धोबनपुरी से हुई, उसके पश्चात यात्र छेडिया पहुँचा और हाल ही में धनोरा में भक्तिमय नगर संकीर्तन संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने नृत्य, कीर्तन और हर्षोल्लास के साथ पवित्र नाम का आनंद लिया। अगला नगर संकीर्तन घोघोपुरी में आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ के संस्थापक–आचार्य एसी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद द्वारा स्थापित मिशन का उद्देश्य समग्र विश्व में हरे कृष्ण महा–मंत्र का प्रचार, श्रीमद्भगवद्गीता और श्रीमद्भागवत के सिद्धांतों का विस्तार, मानव समाज को शुद्धता, करुणा, त्याग और भक्ति के पथ पर प्रेरित करना, ईश्वर–केंद्रित, आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित संस्कृति का निर्माण, प्रत्येक व्यक्ति को भगवान श्रीकृष्ण का शाश्वत भक्त बनाने की प्रेरणा देना। इस्कॉन की मूल भावना नम्रता, सेवा, भक्ति और करुणा पर आधारित है।

इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरूर की प्रमुख सेवाओ में प्रत्येक रविवार नगर संकीर्तन, संकीर्तन एवं सभी कार्यक्रमों में महाप्रसाद वितरण, भक्ति–वृक्ष बैठकों द्वारा परिवारों में आध्यात्मिक संस्कृति का विकास, प्रत्येक शनिवार कीर्तन संध्या एवं महाभारत कथा, ग्रामीणों को जप, शास्त्र अध्ययन और कृष्ण–केंद्रित जीवन अपनाने हेतु प्रेरित करना है। इन सेवाओं का उद्देश्य लोगों को पवित्र नाम महा–मंत्र से जोड़ना, हृदय और मन की आध्यात्मिक शुद्धि, तनाव, भय और पापबुद्धियों से मुक्ति, भगवद्भक्ति के माध्यम से वास्तविक शांति और आनन्द की प्राप्ति, मानव जीवन के सर्वोच्च लक्ष्य कृष्ण–प्रेम तक पहुंचाना है।

---

**कार्यालय कलेक्टर, बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)**

**// सूचना //**

क्रमांक /295/ अ.कले. / 2025

बालोद, दिनांक 13/10/2025

न्यायालयीन रा. प्रकरण क्रमांक 202410241200012 वर्ष 2024-25 पक्षकार छत्तरसिंह चौहान आ. चुरामन निवासी भरदकला विरुध्द बंशीलाल आ. चंदूलाल साहू, वगैरह इस न्यायालय में विचाराधीन है उक्त विचाराधीन प्रकरण में सुनवाई हेतु न्यायालय द्वारा ज्ञात पते पर नोटिस जारी किया गया किन्तु नोटिस उपरांत भी आप पक्षकार (1) विष्णुप्रसाद आ. तुलसीराम सिवारे (2) बसंत कुमार आ. रामू रामटेके (3) छगन पंचभाव आ. जेठूराम (4) तोपेश्वर आ. बी.एल. साहू (5) कुमार आ. भरोसा चौहान न्यायालय मे उपस्थित नहीं हुये है। अतएव इस सूचना के माध्यम से आगामी पेशी दिनांक 05.12.2025 को समय 12.00 बजे न्यायालय अपर कलेक्टर बालोद मे स्वतः अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन पेश करने हेतु अनिवार्यतः उपस्थित होवे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति मानते हुये प्रकरण मे अग्रीम कार्यवाही की जावेगी।

**अपर कलेक्टर,**
**बालोद जिला बालोद**

## खबर संक्षेप



### ग्राम अंडा में मोदी की मन की बात सुनी

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंडा मे सुना मोदीजी की मन की बात अंडा निकुम मंडल के ग्राम अंडा में मोदी जी की मन की बात सुनी गई। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर अजय चौहान मंडल उपाध्यक्ष बुथ अध्यक्ष तिलक चंद्राकर यशवंत बंजारे गोपाल साहू हेमेंद्र चौहान पुकेश चंद्राकर समिति अध्यक्ष,गब्बर साहु महामंत्री अंडा निकुम मंडल सहित ग्रामीण जन व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, अपराध दर्ज

**भिलाई।** सड़क हादसे में युवक की मौत मामले में खुर्सीपार थाना पुलिस ने बाइक चालक इमरान के खिलाफ मोटर व्हिकल एक्ट की धारा 184 और 106 (1) के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार खुर्सीपार गेट सिग्नल के पास सड़क हादसे में एलबीएस अटल चौक कैम्प-1 निवासी 23 वर्षीय संदीप ऊर्फ यशकुमार कश्यप पिता स्व. रामअनचल कश्यप की मौत हो गई थी। लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। पंचनामा के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया था। मर्ग जांच में अपराध धारा 106(1) बीएनएस, 184 एमव्ही एक्ट का अपराध घटित पाये जाने से मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 07 सीवाय 0427 के चालक इमरान के खिलाफ अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बाल सुधार गृह से भागे सात नाबालिग पकड़ाए

**भिलाई।** पुलगांव स्थित बाल सुधार गृह से एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं। 28 नवंबर की रात यहां से 7 नाबालिग बच्चे फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हुई और तलाश शुरू की। कार्रवाई में 4 बच्चों को तुरंत खोज लिया गया, जबकि बाकी 3 को तिल्दा इलाके से पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार इसी संप्रेक्षण गृह से कुछ दिन पहले 3 नवंबर को भी तीन नाबालिग भाग गए थे। जानकारी में सामने आया कि फरार बच्चों में से कुछ हत्या और लूट जैसे गंभीर मामलों में शामिल थे।

### कॉपर वायर चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**भिलाई।** पुरानी भिलाई पुलिस ने कॉपर वायर चुराने वाले गिरहों का पर्दाफाश करते हुए एक नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों कब्ज से 52 किलो कॉपर वायर जब्त की गई है। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेगा गया है। जानकारी के अनुसार बीते 15 नवंबर को अकलोरडीह स्थित हर्ष इंडस्ट्रीज के गोदाम से कॉपर वायर चोरी हुई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने 21 नवंबर को मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विडीयो फुटेज चेक करने पर कुछ आज्ञात आरोपियों द्वारा कम्पनी के अंदर प्रवेश कर बिजली की कॉपर वायर को 9 नवंबर से 14 नवंबर तक चोरी करना पाया गया। थाना पुरानी भिलाई द्वारा टीम गठित कर आरोपियों की लगातार पता तलास की जर रही थी।

आयोजन

**मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में भव्य आयोजन हुआ**

# कलंगपुर में रक्तदान शिविर, प्रतिभा सम्मान शोभायात्रा के साथ कलार महोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम कलंगपुर में छत्तीसगढ कलार सिन्हा समाज द्वारा कलार महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में जिला स्तरीय भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव जयंती, महोत्सव मे सिन्हा सामुदायिक भवन का लोकार्पण, भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा, साथ ही रक्तदान शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुई।



महोत्सव के प्रथम सत्र मे समाज की महिलाओं के द्वारा भव्य कलश यात्र, समाज के इष्टदेव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेवजी के शोभा यात्र गली भ्रमण किया गया। देव पूजन, दीपप्रज्वलन व भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेवजी की मूर्ति स्थापित व प्राण प्रतिष्ठा विधि–विधान व पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल थे। अन्य अतिथिगण जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ कलार समाज बालोद चमनलाल सिन्हा, अध्यक्ष योग आयोग रुपनारायण सिन्हा, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, प्रदेश महामंत्री भाजपा यशवंत जैन, जिलाध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख, राजेन्द्र राय, अध्यक्ष जनपद पंचायत पुरुषोत्तम चंद्राकर, अध्यक्ष नगर पंचायत प्रमोद जैन, अध्यक्ष भाजपा मण्डल गुण्डरदेही युवराज मार्कण्डेय, सतीश साहू, दिलीपचंद जैन, प्रेमलाल सिन्हा, रामजीत सिन्हा, विकास जैन, हरदेव सिन्हा, मण्डलेश्वर गुण्डरदेही मिलन सिन्हा, अर्जुन्दा मण्डलेश्वर रोशन सिन्हा, राजेश सिन्हा, मुंबई समाज सेवी दिनेश सिन्हा, चंदन सिन्हा, कंवल सिन्हा, बिसरु सिन्हा, रमेश सिन्हा समाज के मण्डलेश्वर गण उपस्थित रहे।

मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कलंगपुर कलार समाज के इस आयोजन का तारीफ करते हुए कहा कि हमारे कलार समाज को पूरे छत्तीसगढ मे अच्छा और सभ्य समाज के रुप सम्मान से नाम लिया जाता है, हमारे पूर्वज कल्चूरीवंश के हैं, जिन्होनें बारह सौ वर्षो तक शासन किया और आज भी हमारे समाज के लोग राजनीति, शिक्षा, समाज सेवा संहित कई अन्य क्षेत्रें मे योगदान दे रहे हैं। उन्होने कहा सिन्हा समाज की एकता, विकास और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने की दिशा मे कलार महोत्सव एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा कलंगपुर के 5 लोंगो को निःशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड वितरण किया, महोत्सव मे रक्तदान शिविर का निरीक्षण किया गया व रक्त दाताओं को हेलमेट प्रदान किया। इस दौरान ग्राम पंचायत कलंगपुर की सरपंच पुष्पा गोविन्द सिन्हा ने मांग पत्र सौंपा। मंत्री ने कलंगपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आहाता निर्माण हेतु 15 लाख एवं कलार समाज के मांग पर समाज के भवन उन्नयन के लिए 20 लाख साथ ही जिले के ग्राम कुसुमकसा के स्वास्थ्य केंद्र भवन के लिए 75 लाख रुपए की घोषणा की।

महोत्सव के द्वितीय सत्र मे मुख्य आतिथ्य पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवनिर्मित सिन्हा सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। अध्यक्षता गोविन्द राम सिन्हा ने किया। साथ मे विधायक डौण्डीलोहारा अनिला भेड़िया, विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बालोद चंद्रेश हिरवानी, सुचित्र साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही भोजराज साहू, प्रकाश नाहटा, संजय साहू, छाया विधायक आम आदमी पार्टी जसवंत सिन्हा, संरक्षक जिला कलार समाज ओमप्रकाश सिन्हा, टिकेन्द्र साहू, प्रतापचंद जैन, राजेन्द्र जैन, भीखमचंद जैन, नवीन जैन, सरपंच कलंगपुर पुष्पा सिन्हा उपस्थित रहे।

भूपेश बघेल का कलंगपुर मुख्य मार्ग मे कलंगपुर सहित आस पास गांव के ग्रामीण की भारी भीड़ अपने चहेते कका से मिलने के लिए उमड़ी। पूर्व मुख्य मंत्री के सानिध्य मे नवनिर्मित सिन्हा सामुदायिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया गया, भवन के सभागार मे स्थापित कलार समाज के इष्टदेव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव जी की पूजा अर्चना की।

इस महोत्सव मे अपने चहेते कका बघेल को लगभग 1 घंटे तक सुना। इस दौरान यहां कलार समाज द्वारा समाज के प्रतिभाओं का सम्मान भी मुख्य अतिथि बघेल के कर कमलों से सम्पन्न हुई। इस कलार महोत्सव को सफल बनाने मे गोविन्द राम सिन्हा, संरक्षक अगेश्वर सिन्हा, अध्यक्ष अर्जुन सिन्हा, कोषाध्यक्ष सोमनलाल सिन्हा, सचिव प्रमोद कुमार सिन्हा, टिकेश्वर सिन्हा, कृष्णाबाई सिन्हा, संतोषी सिन्हा, झामिन सिन्हा रेणुका सिन्हा, महिला मंच, खोमेंद्र सिन्हा, पोषण सिन्हा, परमानंद सिन्हा, युवा मंच, लोकमान्य सिन्हा, मिलन सिन्हा, रामनारायण सिन्हा, भूपेन्द्र सिन्हा, लीलाधर सिन्हा, विजय कुमार सिन्हा, डॉ रोशन सिन्हा, द्वारिका प्रसाद सिन्हा, रमेशर सिन्हा, दिनेश, रामचंद्र, महेश, खिलावन, डाकवर, संतोष, छत्रपाल, मुन्ना, साहिल, बृजलाल, नेतराम सिन्हा संहित सूर्य कांत गजेन्द्र, पिताम्बर सिन्हा, लोकमान्य सिन्हा का मंच संचालन करने मे योगदान रहा।

## मोखा में 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा आज से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

शिव शक्ति महिला समूह द्वारा ग्राम मोखा मे 7 दिवसीय शिवमहापुराण का आयोजन 2 दिसंबर से 8 दिसम्बर तक आयोजित किया गया है। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक रहेगा

जिसका शुभारम्भ 2 दिसंबर मंगलवार को 12 बजे होना है और समापन 8 दिसंबर को होगा। जिसमे कथावाचक पंडित कृष्ण तिवारी पाटन दुर्ग होंगे। यह आयोजन समस्त ग्रामवासी के सहयोग से की जा रही है। जिसमे 2 दिसंबर को कलश यात्र, वेदी स्थापना, शिवमहापुराण महिमा का कथा होगा। 3 दिसंबर को सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, ओमकालेश्वर ज्योर्तिलिंग कथा होगा। 4 दिसंबर को वैद्यनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वर, नागेश्वर, ज्योर्तिलिंग कथा होगा। 5 दिसंबर को पार्थिव शिवलिंग पूजन महिमा, रूद्राक्ष महत्ता, विश्वनाथ कथा का आयोजन होगा। 6 दिसंबर को त्रयंबके"वर, केदारनाथ, घु"मेश्वर, शिव पार्वती विवाह कथा होगा। 07 दिसंबर को केदारनाथ कथा, बेलपत्र महिमा, शमीपत्र महिमा, शोभायात्र निकाला जाएगा। 8 दिसंबर को शिव सहस्त्रनाम, यज्ञहवन, कपिलातर्पण, प्रसाद वितरण, भोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी राजेंद्र गंजीर, रामस्वरूप सिन्हा, कांशीराम कलिहारी, पंचराम निषाद, ग्रामीण पटेल रामचरण सिन्हा नें दिया।

## धनेली में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम धनेली में किया जा रहा है। इस शिविर के शुभारंभ में मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत धनेली बालमुकुंद निषाद थे। अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय गुरुर प्रो.केएल.रावटे ने किया। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक केआर.साहू, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक जेआर. केकती, अध्यक्ष झरिया साहू समाज चिम्मन लाल बनपेला द्वारा सरस्वती माता एवं विवेकानंद के पूजन के साथ हमारे शिविर का शुभारंभ हुआ।

- ग्रामीण विकास व जागरूकता जोर दिया

कार्यक्रम अधिकारी प्रो जीएस देवांगन ने शिविर की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। सभी अतिथियों ने शिविर में ग्रामीणों द्वारा पूर्ण सहयोग करने की बात कही। शिविर के स्वयं सेवक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को प्रेरक संदेश दे रहे हैं, प्रभातफेरी के द्वारा प्रेरक गीत एवं नारे से ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं। परियोजना कार्य के माध्यम से गांव के प्रमुख स्थलों, गलियों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। बौद्धिक परिचर्चा के माध्यम विभिन्न विभागों के द्वारा अपने विभाग की योजना एवं सुविधा की जानकारी दे रहे हैं।

शिविर में प्रो देवेंद्र रात्रे, रोहित सोरी, डॉ मोहन साहू, सुमन साहू एवं स्टॉफ के प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। प्रवीण, द्रोण कुमार, अलका, दिव्या, मोनिका, नवीन कुमार, चांदनी, वरिष्ठ स्वयं सेवक अनिल कुमार, जितेंद्र कुमार, खेमचंद, संजय का विशेष योगदान रहा।

## जनपद अध्यक्ष ने कनेरी धान खरीदी केंद्र में व्यवस्था का लिया जायजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

धान खरीदी केन्द्र कनेरी में सोमवार को धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्था व अन्य निरीक्षण के लिए अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू पहुंची। जहां उन्होने धान खरीदी के व्यवस्था का जायजा लिया। जिसके साथ उन्होने किसानों से बात भी किया।

सुनीता संजय साहू ने कहा प्रदेश की किसान हितैशी भाजपा सरकार मे किसानों को धान का जो मुल्य मिल रहा है वह पूरे देश मे सबसे अधिक है। आज प्रदेश को किसान समृद्वि की ओर अग्रसर है, किसानो को ओन्हारी के रुप मे दलहन तिलहन की फसल लेनी चिाहिए जिससे खेत को उर्वरा शक्ति मिलेगी एवं आने वाले साल के धान फसल मे इसका लाभ होगा। सुनीता संजय साहू ने कहा कृशि के लिए पानी जरुरी है, लेकिन पानी लेने के सांथ हमे पानी जमीन को देना भी होगा जिससे हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए पानी सुरक्षित रख सके व हमारे बच्चों को भी कृशि कार्य के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। इस दौरान उनके साथ प्राधिकृत अधिकारी मेहत्तर नेताम, सरपंच कुलिया धर्मेन्द्र साहू, किसान जितेन्द्र साहू उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ यादव समाज ने निकाली गीता जयंती का भव्य शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

ब्लॉक अंतर्गत ग्राम घीना में यादव समाज द्वारा सर्किल स्तरीय गीता जयंती बड़े ही धूमधाम, शांति एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई, जिसमें समाज की महिलाओं एवं युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में गांव के मुख्य मार्गों का भ्रमण किया। पूरा गांव भक्ति एवं सांस्कृतिक रंग में रंगा नजर आया। इस आयोजन में यादव समाज के अध्यक्ष भुपेंद्र यादव, जंगलिया यादव, मयाराम यादव, त्रिभुवन यादव, उपाध्यक्ष ओमकार यादव, कोषाध्यक्ष परमेश्वर यादव, पोषण यादव, नंदकिशोर यादव, खमहन यादव, भीखम यादव सहित समस्त समाजिक पदाधिकारियों के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से विधायक कुंवर सिंह निषाद, जनपद पंचायत अध्यक्ष कांति सोनबरसा, कोदूराम दिल्लीवार, भुपेंद्र नायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंच तथा गांव के प्रबुद्धजन शामिल हुए। दूर-दराज़ से आए समाजिक बंधुओं ने भी बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। गीता जयंती के इस पावन अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और समाजिक एकता का संदेश देते हुए कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

- समाजिक पदाधिकारियों का संयुक्त योगदान



## शाला में विश्व एड्स दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा विश्व एड्स दिवस मनाया गया। प्राचार्य वीरेंद्र कुमार भंडारी द्वारा अपने संबोधन समस्त विद्यार्थियों को एड्स के फैलने के कारणों से अवगत कराते हुए समुदाय में जागरूकता फैलाने की बात कही गई। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सहप्रभारी हेमंत साहू और कपिल पटेल के निर्देशन में निबंध, चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे निबंध में यामिनी प्रथम, संजना द्वितीय, चित्रकला में शालिनी प्रथम, हेमा द्वितीय, रंगोली में गीतिका प्रथम, खुशबू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किये। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता एल के ठाकुर, प्रदीप मेश्राम,आर एस देशमुख, डी आर साहू, छाया नंदा,डुप्ले साहू,पुष्पा कटेंद्र, आर एन योगी, राकेश कोठारी, तेजेश्वरी साहू, भूपेंद्र पटेल, हेमपुष्पा नाईक, बीरेंद्र नायक रेडक्रॉस वैलिंटियर चेष्टा, तनिषा,अमर, भूपेश,ऑन सोलंकी, लालकृष्ण, समीर, ओमन, वेनिका विद्या, एवम समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

## जनपद पंचायत में सरपंचों की बैठक हुई जल संचय और विकास कार्यों पर दिया जोर



**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में सरपंचों की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम तथा अन्य निर्माण कार्यों पर चर्चा की गई। सर्व पंचायत के सरपंचों को जल संचय जनभागीदारी अभियान 2.0 की जानकारी प्रदाय की गई। जिसमें प्रत्येक पंचायत में एनआरएम अन्तर्गत लिये जाने वाले कार्यों की जानकारी प्रदाय की गई। गांव में अधिक संख्या मे सोकपीट, रिचार्ज पीट, मैजिक पीट एवं रैनवाटर स्ट्रक्चर बनाने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी दी गई। साथ ही प्रत्येक गांव में समूह की गतिविधि प्रारंभ करने तथा पैरादान हेतु प्रोत्साहित करने की जानकारी प्रदाय की गई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, सर्व सरपंच एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### क्रिकेट खेलने गई महिलाओं का बैग पार

**भिलाई।** मनीकम्मा मंदिर के पास गरबा ग्रऊण्ड सेक्टर-7 में क्रिकेट खेलने गई तीन महिलाओं की बैग को किसी ने चोरी कर लिया। भिलाई नगर थाना पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के प्रार्थियां डॉ. मौसमी यादव उम्र 39 ने पुलिस को शिकायत में रविवार को वुमेन क्रिकेट टुर्नामेंट शामिल होने गई थी। उन्होंने बताया कि वर्मा, निकिता वैद्य एवं अन्य के साथ आये थे। वापस आने पर बैग गायब था। जिसमें मोबाइल और चॉबी, एटीएम आदि रखे हुए थे।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग–सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

भगवान मल्लीनाथ मंदिर में हुई विशेष पूजा

# जामगांव आर में मौन ग्यारस पर्व मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

भगवान मल्लीनाथ मंदिर जामगांव आर में सोमवार को मौन ग्यारस पर्व मनाया गया। इस अवसर पर जैन श्री संघ के अध्यक्ष चन्द्रकैलाश बैद, कोषाध्यक्ष सुरेश जैन सहित सदस्यों ने चंदन केसर ब्रास जल पूजा आरती किए। भगवान मल्लीनाथ, भगवान धर्मनाथ, भगवान पार्श्वनाथ, मणिधारी दादागुरुदेव, शांति गुरुदेव, लब्धीसुरी महाराज, मणिभद्रवीर स्वामी, चक्रेश्वरी माता, पद्मावती माता का पूजा अर्चना हुआ।

मौन एकादशी तप भक्तों के लिए अधिक लाभदाई

जैन श्री संघ जामगांव आर अध्यक्ष चन्द्रकैलाश बैद ने बताया कि मौन एकादशी तप साधक को 150 गुना अधिक फल दायक माना जाता है क्योंकि मौन एकादशी के दिन जैन दर्शन अनुसार अतीत के 50 वर्तमान के 50 और भविष्य के 50 तीर्थंकरों को मोक्ष जन्म और दीक्षा कल्याणक से जुड़ा हुआ सुनिश्चित तिथि है। इस विषय में कृष्ण महाराजा ने द्वारका नगरी में



पधारे 22 वे तीर्थंकर नेमीनाथ भगवान से पूछा कि भगवान एक राजा को नाना प्रकार से निर्णय लेना होता है आखिर राजा आत्म कल्याण के लिए क्या करे। तब भगवान नेमीनाथ ने मौन एकादशी की महान महिमा बताकर इस तिथि तप के अधिक फल दायक बताया।

मल्लिकुमारी ने रूप सुंदरता के दीवानों को नश्वर संसार से विरक्ति का मार्ग दिखाया भगवान मल्लीनाथ मंदिर जामगांव आर में आयोजित मौन एकादशी पूजा में शरीक होते हुए छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल सदस्य आसकरण जैन ने बताया कि भगवान मल्लीनाथ का जन्म दीक्षा और मोक्ष कल्याणक मौन एकादशी को हो हुआ। विदित हो कि 24 तीर्थंकरों में से मात्र एक तीर्थंकर भगवान मल्लीनाथ ही ऐसे है जो महिला पर्याय से मोक्ष गामी हुए है। उन्होंने बताया कि मल्लिकुमारी नश्वर संसार में अत्यंत सुंदर राजकुमारी थी जब स्वेंबर की बारी आई तो आत्मकल्याण कारी पथ के पथिक राजकुमारी ने संसार को दिशा देने के लिए योजना बनाई। उन्होंने स्वयं से मिलता हुआ हुबा हूंब एक स्टेच्यू बनवाकर राज महल के हाल में रखवा दी और स्वयं प्रतिदिन जो भोजन करती उतना भोजन उस स्टेच्यू में डलवा देती।

स्वेंबर के लिए आए राजकुमारों से एक शर्त रखी कि आठ दिन बाद स्टेच्यू रखे हुए हाल में दो दिन रह जाए उससे मेरी स्वेंबर स्वीकार्य होगी और स्टेच्यू का ऊपर से ढ़ककन खुलवा दिए। तो हाल भोजन की सड़न से बदबू दार हो गया जिससे कोई राजकुमार उस हाल में नहीं रुक सके। रूप सुंदरता के दीवानों को नश्वर संसार से विरक्ति का मार्ग दिखाए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग,
उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411